(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA): (a) No. Sir. According to Coa] India Limited cases of theft/pilferage of coal are not on the increase so far during 1994-95 in any coal Company of CIL.

(b) Does not arise.

(c) Steps takeniproposed to be taken to check such theft/pilferage are:

(1) Construction]erection of fencing wall around the coal stocks.

(2) Installation of check posts on the main roads leading to collieries;

(3) Installation of watch towers and providing lighting arrangements around the coal stacking areas;

(4) Collection of intelligence;

(5) Surprise checks alongwith coal police and colliery security personnel;

(6) Round the clock patrolling by colliery security personnel;

(7) Meeting with District authority for drawing out plans to eliminate the menace.

(8) Lodging of FIRs with coal police;

(9) Black listing of trucks involved in coal thefts.

(d) and (e) Cases have been registered with the local police. In some cases substantial quantities of stolen coal have been recovered.

**कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन की नियुक्ति**

822. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोल इंडिया लि० के चेयरमैन की नियुक्ति के लिये सरकार पर दबाव डाला जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा कोल इंडिया लि० के चेयरमैन की नियुक्ति के लिये क्या-क्या अर्हतायें निर्धारित की गई और उनका किस तरह से पालन किया जायेगा तथा कोल इंडिया लि० के अध्यक्ष की नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा)** (क) और (ख) सरकार के, अध्यक्ष, कोल इंडिया लि० की नियुक्ति किये जाने के संबंध में, किसी तरह के दबाव के अन्तर्गत होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। इस की नियुक्ति सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड की सिफारिश पर तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ की जाती है। अध्यक्ष, कोल इंडिया लि० के पद के लिये, अन्य बातों के अलावा, अपेक्षित योग्यतायें निम्नलिखित रूप में होनी चाहियें:–

आवेदन-कर्ता के पास एक अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम स्नातक की डिग्री होनी चाहिये। आवेदन-कर्ता को अच्छी ख्याति प्राप्त किसी संगठन में एक वरिष्ठ प्रबंधन स्तर का पर्याप्त अनुभव होना चाहिये। ऐसे व्यक्ति, जिनके पास तकनीकी/एम०बी०ए० की योग्यता हो और जिनके पास प्रबंधन का अनुभव तथा वित्तीय विपणन।उत्पादन का ज्ञान हो। उन्हें एक अतिरिक्त योग्यता के रूप में माना जायेगा। कोयला/खनन उद्योग का ज्ञान वांछनीय होगा।

कोल इंडिया लि० के अध्यक्ष की नियुक्ति के प्रस्ताव पर कार्रवाई की जा रही है और यथा समय नियुक्ति कर दी जायेगी।

**Supply of Railway wagons to CIL**

823. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:
SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY:

Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) what are the details regarding number of wagons (in FWW|day) supplied by Railways against the number of

wagons requisitioned by Coal India limited since November, 1994 till date;

(b) how far the coal supply to the consumes^ have been affected during this period in terms of Tonnage because of paucity of wagons; and

(c) what action is being taken by Coal India Limited to maintain its assured linkage to the consumers and whether any assurance has been given by the Railways to supply wagons in future as per loading requirement of Coal India Limited?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA): (a) According to the information received from Coal India Limited, daily average number of wagons indented by Coal Companies and supplied by Railways for- each of the months since November. 1994 was as follows:

(Figs, in FWWs per day)

Data Provisional)

| Month | Average indents | Average supply |
|---|---|---|
| November, 94 . . . . . | 20300 | 16560 |
| December, 94 . . . . . | 21543 | 16543 |
| January, 95 . . . . . | 21447 | 16967 |
| February, 95 . . . . . | 23340 | 17617 |

*(b)* Coal India Limited has intimated that a shorfall to an extent of one million tonne against the target can be attributed to the paucity in supply of wagons during this period.

(c) Close and constant liaison at all levels and regular follow up with Railways is done for ensuring supply of wagons as per loading requirements of Coal India Ltd.

In order to make good the shortfall, consumers have been allowed to draw supplies by alternate modes such as Road. In addition large number of collieries have been put under Liberalised Sales Scheme where actual users are given priority in supply of coal.

**उत्तर प्रदेश के बिजली घरों में कोयले की आवश्यकता**

**824. प्रो० राम लखन सिंह वर्मा :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के विद्युत क्षेत्र में कोयले की वार्षिक आवश्यकता कितनी है ;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के बिजली घरों को वस्तुत: कितनी मात्रा में कोयले की आपूर्ति की गई है;

(ग) यदि कोयले की आपूर्ति नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) इन बिजली घरों को कोयले की अपेक्षित मात्रा में आपूर्ति के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) और (ख) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (उ०प्र०वि०बो०) के तापीय विद्युत गृहों की कोयले की वार्षिक